# सांसद ने किया सचिन तेंदुलकर मार्ग के कार्य का भूमिपूजन

### स्मार्ट सिटी के तहत 7.13 करोड़ की लागत से होगा सड़क का निर्माण

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 माच।** ग्वालियर शहर में बड़े-बड़े विकास कार्य मूर्तरूप ले रहे हैं। विकास के इस क्रम को थमने नहीं दिया जायेगा। यह बात सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कही। कुशवाह सचिन तेंदुलकर मार्ग के उन्नयीकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

रविवार को आयोजित हुए इस भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार, नगर निगम सभापति मनोज तोमर व उप सभापति गिर्राज कंषाना, पार्षद केदार सिंह, पूर्व पार्षद मेहताब सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधीगण मंचासीन थे।



सांसद कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर पूर्व विधानसभा सहित ग्वालियर शहर में विभिन्न क्षेत्रो में विकास के नये आयाम लिखे जा रहे हैं। इसी कड़ी में सचिन तेंदुलकर मार्ग का उन्नयन कर इसे एक बेहतर और गुणवत्ता युक्त सड़क के रूप में तैयार किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण सड़क ग्रामीण और शहर को जोड़ती है। इससे बड़ी आबादी को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही यह सड़क यातायात व्यवस्था को सुचारू करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर में विकास कार्यो के लिए धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। स्थानीय प्रशासन, नगर निगम के साथ साथ केन्द्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के तहत भी विकास कार्यो के लिए धनराशि मुहैया कराई जा रही है।

विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि इस मार्ग के बन जाने से ग्वालियर विकास को एक नया आयाम मिलेगा। सभी के साझा प्रयास रहेंगे कि इस सड़क मार्ग का निर्माण समय अवधि से पहले ही पूरा हो जाए।

#### डिवाइडर के दोनों ओर 9 - 9 मीटर चौड़ाई में बनेगी सड़क

स्मार्ट सिटी के अधीक्षण यंत्री श्री सुबोध खरे ने बताया कि स्मार्ट सिटी के माध्यम से 7 करोड़ 13 लाख की लागत से कुल लंबाई 2460 मीटर लम्बाई में सचिन तेंदुलकर मार्ग का निर्माण किया जायेगा। डिवाइडर के दोनों तरफ 9-9 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जायेगी। साथ ही पानी की निकासी की व्यवस्था के लिये पाइप डालकर चाणक्यपुरी नाला एवं मुरार नदी में पानी की निकासी की व्यवस्था की जावेगी। इस कार्य के अंतर्गत जल भराव वाले क्षेत्र में 230 मीटर सीमेंट कंक्रीट सड़क बनाई जायेगी व शेष पर डामरीकरण किया जाएगा। यह सड़क निर्धारित समय में पूरी होगी। सड़क की गुणवत्ता पर भी स्मार्ट सिटी निरंतर निगरानी रखेगी।

# परिवार गया ईद मनाने, चोरों ने सूने घर पर बोल दिया धावा, चोर बेसुराग

### 40 हजार रुपये नगदी सहित गहने कर ले गए पार

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22मार्च।** एक परिवार को ईद मनाने अपने पुश्तैनी गांव जाना महंगा पड़ गया। पीछे से उनके सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया, जो उनके घर से 40 हजार रुपए नगदी सहित सोने के गहने पार कर ले गए। घटना डबरा सिटी थाना इलाके की है। जिसकी सूचना पाकर पुलिस पहुंची और पड़ताल की जा रही है। पिछोर निवासी हसीन खान वर्तमान में परिवार सहित डबरा सिटी थाना क्षेत्रांतर्गत द्वारिकापुरी कॉलोनी में रहते हैं। बीते रोज ईद का त्योहार मनाने के लिए वह घर में ताले डालकर परिवार सहित अपने पुश्तैनी गांव पिछोर चले गए थे। पीछे से उनके सूने घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। जब परिवार रविवार सुबह वापस लौटा, तो घर के ताले चटके होने के साथ ही भीतर का पूरा सामान बिखरा हुआ था। वहीं अलमारी में रखे 40 हजार रुपए कैश सहित सोने की दो अंगूठियां व अन्य गहने गायब थे। इस पर उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

#### घर के पास पड़े मिले कपड़े व बैग

चोर घर में से नगदी व सोने के गहनों के साथ ही बैग आदि भी अपने साथ ले आए थे। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जब आसपास के क्षेत्र में सर्चिंग की, तो घर के पास ही हसीन खान से चोरी गए बैग व कपड़े आदि पड़े मिल गए। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपियों का पता लगाने के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी पड़ताल के लिए बुलाया गया।

**इनका कहना है कि..**

सूने घर से अज्ञात चोर 40 हजार रुपए कैश व दो अंगूठी चुराकर ले गए हैं। जबकि शेष माल घर के बाहर ही पड़ा मिला है। मौके पर जांच के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को बुलवाया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

**संजय शर्मा**
**थाना प्रभारी, डबरा सिटी**

# कलेक्टर ने शीतला माता मंदिर मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### स्ट्रीट लाईट, पेयजल, पहुँच मार्ग व दर्शन सहित व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के निर्देश

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त व जिला पंचायत सीईओ सहित अन्य भी पहुँचे

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 मार्च।** जिले के सातऊ ग्राम में स्थित सुप्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में नवदुर्गा महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान रविवार की देर शाम शीता माता मंदिर पहुँचीं। जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम के माध्यम से शिवपुरी लिंक रोड से शीतला माता मंदिर तक लगवाई गई स्ट्रीट लाइट व पहुँच मार्ग के दोनों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखकर की गई झाड़ियों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। सभी स्ट्रीट लाइट जलती हुई मिलीं। मौके पर मौजूद नगर निगम की विद्युत विभाग की टीम को उन्होंने निर्देश दिए किसी भी खंबे की स्ट्रीट लाइट खराब हो तो उसे तत्काल बदला जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने श्रद्धालुओं से भी सुविधाओं के बारे में चर्चा की।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजन सिंह रावत सहित अन्य अधिकारी भी कलेक्टर के साथ शीतला माता मंदिर की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के उद्देश्य से पहुंचे थे।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला परिसर में बिजली, पेयजल, साफ सफाई इत्यादि व्यवस्थाएं 24 घंटे पुख्ता रहें। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक में विशेष जोर देकर कहा कि श्रद्धालु सुविधाजनक तरीके से माता के दर्शन व पूजा-अर्चना कर सकें, इसके लिये बैरीकेटिंग व कतार लगाने की व्यवस्था मजबूत बनी रहे। इसमें कोई ढ़िलाई न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने शिवपुरी लिंक रोड से शीतला माता मंदिर तक यातायात व्यवस्था को सुगम व सुचारू बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने यातायात पुलिस एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देश दिए कि पूरी मुस्तैदी के साथ यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएं। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ सभी का व्यवहार संवेदनशील व सम्मानजनक हो।

# 29 से मेला परिसर में लगेगा अग्नि सुरक्षा मेला

### नागरिकों के लिए अग्नि सुरक्षा यंत्रों का विक्रय एवं डेमो भी होगा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 मार्च।** जिले में गर्मी के मौसम में अग्नि दुर्घटनाओं के दृष्टिगत नागरिकों को अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा देने और अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय अग्नि सुरक्षा मेले का आयोजन करने का नवाचार किया जा रहा है। यह मेला 29, 30 व 31 मार्च को ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में आयोजित होगा। मेले में नागरिकों के लिए अग्नि सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का डोमो करने के साथ ही उपकरण विक्रय हेतु भी उपलब्ध रहेंगे।



कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर अग्नि सुरक्षा मेले के आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया और अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थायें करने के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, एडीएम श्री सी बी प्रसाद, कमांडेंट होमगार्ड श्री रिपुदमन सिंह, सहायक कमांडेंट श्री कौशल शर्मा, एसडीएम श्री अतुल सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम श्री प्रदीप तोमर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अग्नि सुरक्षा मेले के आयोजन के संबंध में स्पष्ट किया है कि यह मेला शासकीय मेला न होकर आम नागरिकों के सहयोग से आयोजित होने वाला जागरूकता मेला होगा। इस मेले के आयोजन में समाज के सभी वर्गों को जोड़ा जायेगा। समाज के सभी वर्गों के साथ 24 मार्च को बैठक आयोजित कर इस मेले के आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव और सहयोग भी लिया जायेगा।

# स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह आज आएंगे ग्वालियर प्रवास पर

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 22 मार्च।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह 23 मार्च को ग्वालियर प्रवास पर आ रहे हैं। वे इस दिन अपरान्ह 4 बजे सड़क मार्ग द्वारा ग्वालियर पहुँचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ग्वालियर में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षा नगर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके बाद वह सायंकाल लगभग 5.42 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

स्कूली शिक्षा मंत्री के ग्वालियर प्रवास का कार्यक्रम जारी होते ही शिक्षा विभाग अलर्ट मोड पर है। भाजपा कार्यकर्ता मंत्री के आगमन पर भव्य स्वागत करेंगे।

# जीवन को नई उम्मीद देता है रक्तदान

### बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों को नमन कर किया रक्तदान

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22मार्च।** रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं। रक्तदान के प्रति समाज में पहले की अपेक्षा लोगों में जागरूकता आई है, लेकिन हमें अभी और जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, ताकि इसका फायदा प्रत्येक पीड़ित को मिले। यह बात रविवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययनशाला के संकायाध्यक्ष प्रो. राजेंद्र खटीक ने कही। वे अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर इमरजेंसी ब्लड बैंक में यूथ पावर केयर रक्तदान सेवा समिति के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासंघ के युवा जिलाध्यक्ष कपिल भार्गव ने की।




विशिष्ट अतिथि शासकीय अधिवक्ता अनामिका शर्मा, डेवलपमेंट ऑफिसर एलआईसी रामनरेश चक, डायरेक्टर ब्लड बैंक तृप्ति साओ एवं संस्था के अध्यक्ष गजेंद्र जैन थे। शुरुआत में शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया। कपिल भार्गव ने कहा कि रक्तदान कर हम उन शहीदों के बलिदान को याद कर रहे हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हमें शहीद-ए-आजम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। अनामिका शर्मा ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी के जीवन को नई उम्मीद देने का माध्यम है। ऐसे सेवा कार्य समाज में सहयोग, समर्पण और संवेदनशीलता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। गजेंद्र जैन ने कहा कि रक्तदान के बहुत फायदे हैं। इससे न केवल ब्लड की जांच होती है, बल्कि कई रोगों से बचने की क्षमता बढ़ती है। तृप्ति साओ ने कहा कि जब हम रक्तदान करते हैं, तो हमारे अंदर पवित्र भाव उत्पन्न होता है। रामनरेश चक ने कहा कि रक्तदान केवल जरूरतमंद की मदद नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य है। अंत में अतिथियों के साथ गजेंद्र जैन एवं तृप्ति साओ ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार दिए।

# ऑनलाइन सट्टा खिलाता मिला युवक दबोचा

**ग्वालियर।** क्राइम ब्रांच ने मुरार के वंशीपुरा में दबिश देकर ऑनलाइन गेम के जरिए खिलाए जा रहे सट्टे के कारोबार का खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच की टीम देखकर एक आरोपी मौके से भाग गया, जबकि एक को पकड़कर थाने लाया गया। आरोपी के पास से दो लैपटॉप, बैंक की चार पासबुक, चार चेक बुक जब्त की गई हैं। इनमें 45 हजार रुपए का हिसाब-किताब मिला है। क्राइम ब्रांच टीआई अमित शर्मा ने बताया कि शनिवार रात को सूचना मिली थी कि वंशीपुरा मुरार में रघुनंदन उर्फ रघु राणा के मकान में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। सूचना मिलते ही इस बात से एसएसपी धर्मवीर सिंह को अवगत कराया गया तो उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल दबिश देकर कार्रवाई करो। निर्देश मिलते ही मुरार सीएसपी अतुल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई।

# ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर शक्ति साधना पर्व कार्यक्रम आयोजित

### सृष्टि की आधारशिला है नारी शक्ति : आदर्श दीदी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के महिला विंग (आर ई आर एफ) के द्वारा माधवगंज स्थित प्रभु उपहार भवन में नवरात्रि के पावन अवसर पर शक्ति साधना पर्व का आयोजन 'वंदेमातरम- स्वर्णिम भारत' थींम के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यक्रम में देवी माँ की चैतन्य झांकी भी सजाई गई थी। जिसका सभी श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज़ केन्द्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी, शासकीय व्याख्याता एवं निशुल्क विधिक सेवा केंद्र प्रभारी केआरजी कॉलेज डॉ मौला तिवारी, राष्ट्रीय स्तर की कुकरी प्रतियोगिता विजेता एवं रेसिपी क्रिएटर वंदना जग्गी, अधिवक्ता आभा मिश्रा उपभोक्ता फोरम की पूर्व सदस्य एवं पूर्व सरकारी अधिवक्ता, शिक्षिका आभा राठौर, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय स्वास्थ्य संघ की अध्यक्ष आशा सिंह, समाजसेवी कविता पमनानी आदि उपस्थित थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके आदर्श दीदी ने कहा कि आज हम सब एक ऐसे दिव्य विषय पर एकत्रित हुए हैं, जो केवल एक विचार नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि की आधारशिला है - नारी शक्ति। नारी केवल एक शरीर नहीं, बल्कि वह चेतना है, वह ऊर्जा है, जो सृजन, पालन और परिवर्तन का आधार है। जिस प्रकार बिना ऊर्जा के कोई भी कार्य संभव नहीं, उसी प्रकार नारी के बिना इस संसार की कल्पना भी अधूरी है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाए तो नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। वह केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की आत्मा है। कार्यक्रम में डॉ मौला तिवारी ने कहा कि आज मैं अंतर्मन से अत्यंत प्रफुल्लित हूँ कि मुझे इतने प्रतिष्ठित संस्थान के साथ मंच साझा करने का अवसर मिला। यह मेरे लिए गर्व का विषय है। आज अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए शब्द भी कम पड़ रहे हैं। कार्यक्रम में आभा राठौर ने भी अपनी शुभकामनाएं रखीं। कार्यक्रम में मंचासीन सभी अतिथियों को संस्थान की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच का कुशल संचालन आशा सिंह ने किया और कहा कि नारी शक्ति को सीमाओं में बाँधने की नहीं, बल्कि उसकी क्षमताओं को उभारने की जरूरत है। उसकी शिक्षा, उसका आत्मविश्वास और उसकी स्वतंत्रता ही समाज के विकास की सच्ची नींव है। कार्यक्रम के अंत मे सभी का आभार बीके रोशनी बहन ने किया। इस अवसर पर संस्कार मंजरी की संस्थापिका नीलम गुप्ता, अखिल भारतीय सामाजिक स्वास्थ्य संघ की सचिव उमा चौहान सहित समाजसेवी बहनें तथा ब्रह्माकुमारीज केंद्र से जुड़ी हुई अनेकानेक बहनें और भाई उपस्थित थे।



# एसआई से झूमाझटकी, नेम प्लेट खींची, थप्पड़ मारने का आरोप लगाकर हंगामा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22मार्च।** दो पक्षों का विवाद सुलझाने पहुंचे एसआई रूद्र पाठक से बाइक सवार युवकों ने बहस शुरू कर दी और एसआई पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाते हुए धक्का-मुक्की करने लगे। भीड़ के बीच युवकों ने एसआई की वर्दी पकड़कर उनकी नेम प्लेट तक खींचने की कोशिश की। इस दौरान एसआई खुद को बचाने का प्रयास करते रहे लेकिन युवक उन पर हावी होते नजर आए। पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है।



वीडियो में युवक कहते नजर आए कि सब-इंस्पेक्टर है तो हमारा क्या बिगाड़ लेगा। इस दौरान मौजूद भीड़ ने किसी तरह एसआई को युवकों से बचाया। जब तक थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचता, आरोपी युवक वहां से फरार हो चुके थे। यह घटना कंपू के आमखो तिराहा की है जिसका वीडियो आज रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। फिलहाल इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

कंपू थाना में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर रूद्र पाठक को सूचना मिली थी कि आमखो तिराहा पर कार और बाइक की टक्कर के बाद विवाद हो रहा है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने लगे।

इसी दौरान एक अन्य बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और एसआई से उलझ गए। जब एसआई विवाद सुलझाने का प्रयास कर रहे थे, तब दोनों युवक माहौल को भड़काने लगे। एसआई ने उन्हें सख्ती से समझाया तो वे और आक्रामक हो गए और उनसे बहस करने लगे। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। युवकों ने आरोप लगाया कि एसआई ने वर्दी का रौब दिखाते हुए उन्हें थप्पड़ मारा, जिसके बाद वे उन पर हावी होने की कोशिश करने लगे।

**धक्का-मुक्की के बाद नेम प्लेट खींचने की कोशिश:** विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें युवक एसआई रूद्र पाठक के साथ अभद्रता करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि भीड़ के बीच एसआई घिरे हुए हैं और युवक उनकी नेम प्लेट खींचने की कोशिश करते हुए वर्दी पर हाथ डाल रहे हैं।

**फोर्स पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार:** हंगामा बढ़ने पर एसआई ने तुरंत कंपू थाने से अतिरिक्त फोर्स बुलाया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से भाग निकले। जांच में सामने आया कि अभद्रता करने वाला युवक उज्जवल शर्मा, निवासी नाका चंद्रवदनी है। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आगाज



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के अंतर्गत दो दिवसीय पं. दीनदयाल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज शहीद भगत सिंह मण्डल से हुआ। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं पार्टी के पितृपुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। प्रथम दिवस वैचारिक अधिष्ठान और अंत्योदय पर मंथन शिविर के प्रारंभिक सत्र में डॉ. निशांत खरे ने 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इसके पश्चात क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने 'अंत्योदय से संतृप्ति' विषय पर व्याख्यान देते हुए मोदी सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रथम दिवस का समापन सामूहिक भोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। भाजपा का इतिहास एवं विकास पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, कार्य पद्धति पर मीना सचान, बूथ प्रबंधन पर विनय जैन, प्रदेश सरकार की योजनाएं पर समीक्षा गुप्ता मीडिया व सोशल मीडिया राघवेंद्र कुशवाह, कार्य विस्तार विवेक जोशी व्याख्यान देंगे। दो दिवसीय इस गहन प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया जाएगा।

# रमौआ बांध पर चला स्वच्छता कार्यक्रम

### विश्व जल दिवस पर कावेरी वेलफेयर फाउण्डेशन का कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22मार्च।** कावेरी वेलफेयर फाउण्डेशन द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर रविवार को सामाजिक दायित्व निर्वहन हेतु रमौआ बांध पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संस्था सदस्यों द्वारा बांध के पानी में से पालीथीन, अवशिष्ट पदार्थ, प्लास्टिक सामग्री को साफ किया गया। साथ ही किनारे पर मौजूद गंदगी के ढेरों को एक स्थान पर एकत्रित कर निस्तारण का प्रयास किया गया।




इसके साथ ही जल सफाई के ऐसे कार्य जो कि सिर्फ मानवीय प्रयासों से संभव नहीं है, उस संबंध में नगर निगम से मशीनों की उपलब्धता हेतु आवेदन दिया गया। प्रशासन को विश्वस्त किया गया कि संस्था सदस्य आपकी मशीनरी के साथ स्वयं श्रमदान हेतु सदैव उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर संस्था सचिव कंचन राव, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, कार्यक्रम संयोजक विशाल शर्मा, सहसंयोजक शक्ति सक्सेना, प्रवीण शर्मा, ऋषभ जैन, आरती सक्सैना, तरुण वर्मा, ऋत्विक वर्मा, आंचल निगम उपस्थित थे।

# विश्व में शांति की कामना से गोपाचल की टीम ने किया पार्श्वनाथ प्रभु अभिषेक



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 22 मार्च।** विश्व भर में चल रही उथल-पुथल और अशांति के चलते पूरे विश्व शांति की कामना के उद्देश्य से गोपाचल स्पेशल 21 की टीम के 20-25 युवाओं ने रविवार प्रातः गोपाचल पर्वत स्थित विश्व की सबसे बड़ी 42 फीट ऊंची पद्मासन मुद्रा में विराजित भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा का सामूहिक अभिषेक किया। अभिषेक एवं पूजन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने विश्व शांति के लिए णमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ किया तथा आरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया जैन समाज के प्रवक्ता ललित भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा टीम द्वारा यह लगातार 40वां अभिषेक है, जो प्रत्येक रविवार सुबह 6 बजे सामूहिक रूप से किया जाता है। इस आयोजन में 8 वर्ष के बच्चों से लेकर युवा एवं बुजुर्ग तक उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि गोपाचल पार्श्वनाथ प्रभु के समक्ष भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं ने अनेक चमत्कारों का स्वयं अनुभव किया है। आज के अभिषेक में मुख्य रूप से मुकेश जैन, सुजीत जैन, भगवान दास जैन, अजीत जैन गोपाचल, आशीष जैन, संजय जैन, सुनील जैन, तरुण जैन, लोकेश जैन, चिराग, अजय, जयदीप, राहुल जैन, एकांश जैन, महेंद्र जैन, अमित जैन, वीरेंद्र बाबा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95